**SET-1**

**Series GBM**

कोड नं.
**Code No. 61/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages and **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **17** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।

(ii) प्रश्न संख्या **1** से **3** **दो** अंकों वाले हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंकों वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । विद्यार्थियों को इस खण्ड से केवल **पाँच** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **10** मूल्य आधारित प्रश्न है और **अनिवार्य** है, यह प्रश्न भी **चार** अंक का है ।

(v) प्रश्न संख्या **11** से **13** **आठ** अंकों वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **14** से **16** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।

(vii) प्रश्न संख्या **17** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।

**General Instructions :**

(i) Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.

(ii) Answer to questions no. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.

(iii) Answer to questions no. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words each. Students should attempt only **five** questions in this section.

(iv) Question no. **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory**.

(v) Answer to questions no. **11** to **13** carrying **8** marks should not exceed **350** words each.

(vi) Questions no. **14** to **16** are source based questions and have no internal choice.

(vii) Question **17** is a Map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.

## खण्ड क
## PART A

*नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *2×3=6*

*Answer **all** the questions given below :*

**1.** 600 ई.पू. से 600 ईसवी के दौरान वर्ण व्यवस्था के नियमों का पालन करवाने के लिए ब्राह्मणों द्वारा अपनाई गईं किन्हीं दो नीतियों की पहचान कीजिए । *2*

Identify any two strategies evolved by Brahmanas to enforce the norms of Varna Order from c. 600 BCE to 600 CE.

**2.** अमर-नायक प्रणाली किस प्रकार विजयनगर साम्राज्य की एक राजनीतिक खोज थी ? परख कीजिए । *2*

Examine how the amara-nayaka system was a political innovation of the Vijayanagara Empire.

**3.** "पाकिस्तान और भारत के बीच सम्बन्ध बँटवारे की विरासत से गहरे तौर पर तय होते रहे हैं ।" इसके किन्हीं दो परिणामों की व्याख्या कीजिए । *2*

"The relationship between India and Pakistan has been profoundly shaped by the legacy of partition." Explain any two consequences of it.

## खण्ड ख
## PART B

### अनुभाग I
### SECTION I

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *4×5=20*

*Answer any **five** of the following questions :*

**4.** मोहनजोदड़ो के गृह स्थापत्य की विशिष्ट विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the distinctive features of domestic architecture of Mohenjodaro.

**5.** महाभारत की भाषा और विषयवस्तु की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the language and content of Mahabharata.

**6.** उन कारणों की परख कीजिए जिनके फलस्वरूप अल-बिरूनी ने भारत की यात्रा की । *4*

Examine the causes that made Al-Biruni visit India.

**7.** आप किस प्रकार सोचते हैं कि मुग़ल बादशाहों द्वारा तैयार करवाए गए इतिवृत्त मुग़ल इतिहास के अध्ययन के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं ? *4*

How do you think that the chronicles commissioned by the Mughal Emperors are an important source for studying Mughal history ?

**8.** 1920 और 1930 के दशकों के दौरान की उन घटनाओं की परख कीजिए जिन्होंने देश में साम्प्रदायिक अस्मिताओं को पक्का किया । *4*

Examine the events that took place during 1920s and 1930s which consolidated the communal identities in the country.

**9.** संविधान सभा में दलित वर्गों के संरक्षण के पक्ष में दिए गए विभिन्न तर्कों का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the different arguments made in favour of protection of depressed classes in the Constituent Assembly.

## अनुभाग II

## SECTION II

### मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)

### Value Based Question (Compulsory) *4×1=4*

**10.** "गाँधीजी राजनीतिक जितने थे उतने ही वे समाज सुधारक थे । उनका विश्वास था कि स्वतंत्रता के योग्य बनने के लिए भारतीयों को बाल विवाह और छूआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त होना पड़ेगा । एक मत के भारतीयों को दूसरे मत के भारतीयों के लिए सच्चा संयम लाना होगा और इस प्रकार उन्होंने हिन्दू-मुसलमानों के बीच सौहार्द्र पर बल दिया ।"

उपर्युक्त कथन के प्रसंग में, महात्मा गाँधी द्वारा परिपुष्टित मूल्यों को उजागर कीजिए । *4*

"Gandhiji was as much a social reformer as he was a politician. He believed that in order to be worthy of freedom, Indians had to get rid of social evils such as child marriage and untouchability. Indians of one faith had also to cultivate a genuine tolerance for Indians of another religion — hence his emphasis on Hindu-Muslim harmony."

In the light of the above statement, highlight the values upheld by Mahatma Gandhi.

## खण्ड ग

## PART C

### दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न

### Long Answer Questions

$8 \times 3 = 24$

**11.** 600 ई.पू. से 600 ईसवी तक किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपनाए गए तरीकों को स्पष्ट कीजिए । 8

**अथवा**

मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 8

Explain the agricultural practices followed by the cultivators to increase productivity from c. 600 BCE to 600 CE.

**OR**

Explain the main features of the Mauryan administration.

**12.** सूफ़ी सन्तों और राज्य के बीच आठवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी के दौरान सम्बन्धों की पहचान कीजिए । 8

**अथवा**

तमिल नाडु के अलवार और नयनार सन्तों का राज्य के साथ आठवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी के दौरान सम्बन्धों की पहचान कीजिए । 8

Identify the relationship between the Sufis and the State from the eighth to the eighteenth century.

**OR**

Identify the relationship of the Alvars and Nayanars of Tamil Nadu with the State from the eighth to the eighteenth century.

**13.** "बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त लागू करने के बाद, ज़मींदार भू-राजस्व को अदा करने में लगातार असफल रहे ।" इसके कारणों और परिणामों की परख कीजिए । 8

**अथवा**

"अवध में विभिन्न प्रकार की पीड़ाओं ने राजकुमारों, ताल्लुक़दारों, किसानों और सिपाहियों के अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 के विद्रोह में हाथ मिला दिया ।" इस कथन की परख कीजिए । 8

"After introducing the Permanent Settlement in Bengal, the zamindars regularly failed to pay the land revenue demand." Examine the causes and consequences of it.

**OR**

"A chain of grievances in Awadh linked the prince, taluqdars, peasants and sepoys to join hands in the revolt of 1857 against the British." Examine the statement.

## खण्ड घ
## PART D
## स्रोत आधारित प्रश्न
## Source Based Questions

*7×3=21*

**14.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**व्यवहार में बौद्ध धर्म**

*सुत्त पिटक* से लिए गए इस उद्धरण में बुद्ध सिगल नाम के एक अमीर गृहपति को सलाह दे रहे हैं :

> मालिक को अपने नौकरों और कर्मचारियों की पाँच तरह से देखभाल करनी चाहिए ... उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें काम देकर, उन्हें भोजन और मज़दूरी देकर, बीमार पड़ने पर उनकी परिचर्या करके, उनके साथ सुस्वादु भोजन बाँटकर और समय-समय पर उन्हें छुट्टी देकर ...
>
> कुल के लोगों को पाँच तरह से *श्रमणों* (जिन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया है) और ब्राह्मणों की देखभाल करनी चाहिए ... कर्म, वचन और मन से अनुराग द्वारा, उनके स्वागत में हमेशा घर खुले रखकर और उनकी दिन-प्रतिदिन की ज़रूरतों की पूर्ति करके ।
>
> सिगल को माता-पिता, शिक्षक और पत्नी के साथ व्यवहार के लिए भी ऐसे ही उपदेश दिए गए हैं ।

(14.1) मालिक को अपने नौकरों और कर्मचारियों की किस तरह से देखभाल करनी चाहिए ? *2*

(14.2) कुल के लोगों को श्रमणों की आवश्यकताओं की किस प्रकार देखभाल करनी चाहिए ? *2*

(14.3) बौद्ध दर्शन के प्रमुख पहलुओं की व्याख्या कीजिए । *3*

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

**Buddhism in practice**

This is an excerpt from the *Sutta Pitaka*, and contains the advice given by the Buddha to a wealthy householder named Sigala :

> In five ways should a master look after his servants and employees ... by assigning them work according to their strength, by supplying them with food and wages, by tending them in sickness; by sharing delicacies with them and by granting leave at times ...
>
> In five ways should the clansmen look after the needs of *samanas* (those who have renounced the world) and Brahmanas: by affection in act and speech and mind, by keeping open house to them and supplying their worldly needs.
>
> There are similar instructions to Sigala about how to behave with his parents, teacher and wife.

(14.1) In what ways should a master look after his servants and employees ?

(14.2) In what ways should the clansmen look after the needs of *samanas* ?

(14.3) Explain the main aspects of Buddhist philosophy.

**15.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भू-राजस्व वसूल करने पर *आइन* से यह अनुच्छेद है :

> *अमील-गुज़ार* सिर्फ़ नक़द लेने की आदत न डाले बल्कि फ़सल भी लेने के लिए तैयार रहे । यह बाद वाला तरीक़ा कई तरह से काम में लाया जा सकता है । पहला, *कणकुत:* हिंदी ज़ुबान में *कण* का मतलब है, अनाज, और *कुत*, अंदाज़ा ... अगर कोई शक हो, तो फ़सल को तीन अलग-अलग पुलिंदों में काटना चाहिए — अच्छा, मध्यम और बदतर, और इस तरह शक दूर करना चाहिए । अकसर अंदाज़ से किया गया ज़मीन का आकलन भी पर्याप्त रूप से सही नतीजा देता है । दूसरा, *बटाई* जिसे *भाओली* भी कहते हैं (में), फ़सल काट कर जमा कर लेते हैं, और फिर सभी पक्षों की मौजूदगी में व रज़ामंदी में

बँटवारा करते हैं । लेकिन इसमें कई समझदार निरीक्षकों की ज़रूरत पड़ती है; वर्ना दुष्ट-बुद्धि और मक्कार धोखेबाज़ी की नीयत रखते हैं । तीसरे, *खेत-बटाई* जब वे बीज बोने के बाद खेत बाँट लेते हैं । चौथे, *लाँग बटाई*; फ़सल काटने के बाद, वे उसका ढेर बना लेते हैं और फिर उसे अपने में बाँट लेते हैं, और हरेक (पक्ष) अपना हिस्सा घर ले जाता है और उससे मुनाफ़ा कमाता है ।

(15.1) भू-राजस्व की कणकुत: पद्धति को स्पष्ट कीजिए । *2*

(15.2) बटाई अथवा भाओली के मामलों में भू-राजस्व का किस प्रकार मूल्यांकन किया जाता था ? *2*

(15.3) क्या आप यह सोचते हैं कि मुग़लों की भू-राजस्व पद्धति लचीली थी ? *3*

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

The *Ain* on land revenue collection :

> Let him (the *amil-guzar*) not make it a practice of taking only in cash but also in kind. The latter is effected in several ways. First, *kankut*: in the Hindi language *kan* signifies grain, and *kut*, estimates ... If any doubts arise, the crops should be cut and estimated in three lots, the good, the middling and the inferior, and the hesitation should be removed. Often, too, the land taken by appraisement, gives a sufficiently accurate return. Secondly, *batai*, also called *bhaoli*, the crops are reaped and stacked and divided by agreement in the presence of the parties. But in this case several intelligent inspectors are required; otherwise, the evil-minded and false are given to deception. Thirdly, *khet-batai*, when they divide the fields after they are sown. Fourthly, *lang batai*, after cutting the grain, they form it in heaps and divide it among themselves, and each takes his share home and turns it to profit.

(15.1) Explain the kankut system of land revenue.

(15.2) How was the land revenue assessed in the case of batai or bhaoli ?

(15.3) Do you think that the land revenue system of the Mughals was flexible ?

**16.** निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**एक देहाती शहर ?**

मद्रास के बारे में *इम्पीरियल गज़ेटियर, 1908* में छपे इस अंश को पढ़िए :

> ... बेहतर यूरोपीय आवास परिसरों के बीच बनाए जाते हैं जिससे उनकी छवि लगभग पार्क जैसी बन जाती है; और इनके बीच तकरीबन गाँवों की तर्ज पर चावल के खेत आते-जाते रहते हैं । यहाँ तक कि ब्लैक टाउन और ट्रिप्लीकेन जैसी सबसे घनी आबादी वाली देशी बस्तियों में भी वैसी भीड़-भाड़ नहीं दिखती जैसी बहुत सारी दूसरे शहरों में दिखाई देती है ... ।

(16.1) बेहतर यूरोपीय आवास कहाँ और क्यों बनाए जाते थे ? *3*

(16.2) ब्लैक टाउनों के हालात की व्याख्या कीजिए । *2*

(16.3) मद्रास के धीरे-धीरे नगरीकरण होने का अर्थ बताइए । *2*

Read the following extract carefully and answer the questions that follow :

**A rural city ?**

Read this excerpt on Madras from the *Imperial Gazetteer*, 1908 :

> ... the better European residences are built in the midst of compounds which almost attain the dignity of parks; and rice-fields frequently wind in and out between these in almost rural fashion. Even in the most thickly peopled native quarters such as Black Town and Triplicane, there is little of the crowding found in many other towns ...

(16.1) Where and why were better European residences built ?

(16.2) Explain the condition of black towns.

(16.3) State the meaning of gradual urbanisation of Madras.

## खण्ड ङ
## PART E

**(मानचित्र प्रश्न / Map Question)** *5×1=5*

**17.** (17.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×2=2*

(क) मासूलीपटनम — 1857 के दौरान ब्रिटिश नियंत्रण के अधीन क्षेत्र ।

(ख) गोआ — मुग़ल साम्राज्य के अधीन क्षेत्र ।

(17.2) **भारत** के दिए गए इसी रेखा-मानचित्र पर तीन स्थानों को प्रमुख बौद्ध स्थल A, B और C से अंकित किया गया है । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गईं रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

(17.1) On the given political outline map of **India** (on page 11) locate and label the following appropriately :

(a) Masulipatnam — a territory under British control during 1857.

(b) Goa — a territory under the Mughals.

(17.2) On the same outline map of **India**, three places which are major Buddhist sites have been marked as A, B and C. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 17 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 17 :*

(17.1) 1857 के दौरान ब्रिटिश नियंत्रित किसी राज्य/क्षेत्र का नाम लिखिए ।


(17.2) मुग़लों के अधीन किसी राज्य/क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(17.3) किन्हीं तीन बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए । *1+1+3=5*

(17.1) Mention any territory under the British control during 1857.

(17.2) Name any territory which was under the Mughals.

(17.3) Name any three Buddhist sites.


INDIA - POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत – राजनैतिक तथा पड़ोसी देश
A
B
C
Tropic of Cancer
© Government of India, Copyright 2002